(c) Instructions are being issued to ensure that no alcoholic drinks are served in any function held in prestigious institutions like the National Museum. 13 Noon

ANNOUNCEMENT ABOUT ACCEPTANCE OF RESIGNATIONS OF MEMBERS

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): What has happened to the allegations made by the former Deputy Prime Minister in regard to Bofors? Is a fresh committee going to be appointed?

MR. CHAIRMAN: I have to inform the House that I had received letters from Shri Virendra Verma, Member representing the State of Uttar Pradesh, and Shri Krishan Kumar Deepak, Member representing the State of Haryana, resigning their seats in Rajya Sabha. I had accepted their resignations with effect from 14th June, 1990 and 13th July, 1990 respectively.

Proclamation under Article 356 of the Constitution. Shri Subodh Kant Sahay.

SHRIMATI MARGARET ALVA (Karnataka): Is Mr Deepak going to be the nfrw Chief Minister of Haryana?

PROCLAMATION UNDER ARTICLE 356 OF THE CONSTITUTION

THE MINSITER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): I beg t_0 lay o_n the Table a copy each (in English and Hindi) of the following papers—

(i) Proclamation [G.S.R. No. 647-(E)] issued by the President on 18th July, 1990, under article 356 of the Constitution, in relation to the State Jammu and Kashmir, under clause (3) of the said 3article.

(ii) Order [GSR No. 648(E)] dated the 18th July, 1990, made by the President, under sub-clause (i) of clause (c) of the above Proclamation.

(iii) Report of the Governor of Jammu and Kashmir dated the 3rd July, 1990, to the President, recommending the issue of the Proclamation. [Placed in Library. *See* No. LT-1153/90],

PAPERS LAID ON THE TABLE

Bills passed by the Houses of Parliament during the Hundred and Fifty-fourth Session of the Rajya Sabha and assente^ to by tjie President

SECRETARY-GENERAL: I beg to la_v on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Bills passed by the Houses of Parliament during the Hundred and Fifty-fourth Session of the Rajya Sabha and assented to by the President. [Placed in Library. *See* No. LT-1159/90].

(The Deputy Chairman in the Chair)

Ordinance under sub-clause (a> of clause (2) of Article 123 of constitution

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI JAGDEEP DHANKAR): Madam, on behalf of SHRI PARVATHANENI UPENDRA, I lay on the Table under sub-clause (a) of clause (2) of Article 123 of the Constitution, copy each (in English and Hindi) of the following Ordinances: —

(i) The Indian Council of World Affairs Ordinances, 1990 (No. 2 of 1990).

(ii) The Armed Forces (Jammu and Kashmir) Special Powers Ordi ance, 1990 (No. 3 of 1990).

(Hi) The Prevention of Illicit Traffic in Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (Amendment) Ordinance, 1990 (No. 4 of 1990).

(iy) The Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities (Amendment) Ordinance, 1990 (No 3 of 1990).

[Placed in Library. *Se_e* No. LT-1153A/90, 1154/90, 1155/90 and 1156/90].

Notification of the Ministry fo Environment and Forests

SHRI JAGDEEP DHANKAR: On behalf of SHRIMATI MANEKA GANDHI I also lay on the Table under section 26 of the Environment (Protection) Act, 1986, a copy (in English and Hindi) of the Ministry of Environment and Forest Notification S.O. No. 375(E), dated the 10th May, 1990, amending notification S.O. No. 728(E), dated the 21st July, 1987, recognising Meghalaya State Pollution Control Board Laboratory, Arden, Motinagar, Shillong as environmental laboratory and also recognising Government Analysts. [Placed in Library. See:No. LT-1234/90]

Draft Notification of the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) F. No. 12(3)/90-SSI(P)

SHRI JAGDEEP DHANKAR: Madam, on behalf of SHRI SRIKANTA JENA, I also lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Ministry of Industry (Department of Industrial Development) draft Notification (F. No. 12(3)/90-SSI (P)] specifying the requirements mentioned in the Table annexed to the Notification which shall be complied with by the industrial undertakings to enable them to be regarded as an ancillary or a small scale industrial undertaking for the purpose of the Industries (Development and Regulation) Act, 1951. [Placed in Library. *See* No. UT-1157/90].

SHRI S. S. AHLUWALIA (Bihar): What about his resignation?

DEMAND FOR EARLY SHORT DURATION DISCUSSION ON THE PRICE SITUATION IN THE COUNTRY

SHRI N. K. P. SALVE (Maharash tra). Madam, the Chairman has been kind enough to admit a Short Dura tion Discussion on the price-rise. This is the most burning subject and topic throughout the country. But we find from the Order Paper that it is to be taken up at 2.30 p.m. Seeing the importance and urgency of the matter, which has been admitted, may I request you that as soon as the forma lity of laying the papers on the Table is over...

THE DEPUTY CHAIRMAN; It is already over.

SHRl N. K. P. SALVE:... this may be taken up immediately so that we have a_n adequate debate on the subject.

SEVERAL HON. MEMERS: Yes, yes.

THE PRIME MINISTER (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): This could te taken up. Though the Finance Minister is also taking the subject there, we can take this up.

SHRI N. K. P. SALVE: Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: But the Minister is not here.

SHRl N. K. P. SALVE: The Prime Minister is here.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The other Minister is here. We can take it up, if the House agrees.

SHRl N. K. P. SALVE: He had bejfen Finance Minister much longer than he has been Prime Minister today. He knows the subject very well. As long as he is here, he is go'od enough.

SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH: We have agreed to the subject being taken, up. So there is no question any debate.

THE DEPUTY CHAIMRAN: So if the House agrees, we will take it up now.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes,

SHRI KAPIL VERMA (Uttar Pradesh): What about the murder of democracy in Pakistan? Let the Government say something on that.

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Government should come out with a statement on the happenings in Kuwait. More than two lakh Indians are suffering. We do not know their rate. Indians have no safety and security there.

SHRl S- JAIPAL REDDY (Andhra Pradesh): We want a statement on the developments in Pakistan resulting in retrograde...

SHRl VISHWANATH PRATAP SINGH: The Government will make a statement tomorrow... (Interruption®)

THE DEPUTY CHAIRMAN: One minute.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): There are more than one lakh Indians i_n Kuwait. Their lives are endnagered. So we want to hear from the Government on he Kuwait situation, particularly about Indians living there. (Interruptions).

SHRI KAPIL VERMA: The prices of oil have gone up in Kuwait.

डा० अबरार अहमद खान (राजस्थान) : महोदया, राजस्थान के अंदर इतनी भयंकर बाढ़ से दो सौ लोग मर गये और केंद्र सरकार से मात्र दस लाख रुपये का चैक भेजा गया, जबकि पहले जब अकाल पड़ा था तो 840 करोड़ रुपये की मदद राजीव गांधी ने की थी और खुद वह वहां एक-एक गांव गये थे, एक आदमी को भी मरने नहीं दिया गया था। वहां अब दो सौ लोग मर गये हैं, लाखों पशु मर गये और हजारों लोग घर से बेघर हो गये, लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं दी गई है।

इसके साथ ही, महोदया, जो चौदह हेलीकोप्टर लगाये गये थे ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Just a minute. Let me handle the Kuwait thing. The Government has heard and when the Government comes forward a statement, we will have it in the House Now we are taking up the discussion on the price rise.

SHRI DIPEN GHOSH: Madam, the Prime Minister himself is present. He immediately reacted that he would make a statement on Pakistan. It is good that he would make a statement on Pakistan. But the life, safety and security of more than one lakh Indians living in Kuwait are endangered.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I said is that when the Government comes forward, we will have it.

SHRI DIPEN GHOSH: Their relations living here are anxious to know.... *(Interruptions)*....

SHRI VISHWANAT H PRATAP SINGH: We have inquired about the safety of Indian nationals there- We were assured that they were fully safe. (Interruptions)... I may inform the House that we have made inquiries and they are fully safe.

SHRl KAPIL VERMA: Hundreds of crores worth of Indian property is in danger. (Interruptions).

SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH: I must know the question. By shouting I cannot know.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): The property of Indian nationals is endangered.

SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH: Our nationals are totally safe. There is no danger-

SHRl KAPIL VERMA: What about the property of Indians?

SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH: Madam, the Government can come with a statement on this. If Members want, we can come with a statement.

SHRl V. NARAYANASAMY: Indian property is being looted there.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Government is going to give a statement. ... *(Interruptions)...*

SHRI V. NARAYANASAMY: Six thousand crores worth of Indian property has been looted. What is the security for the people? .. *(Interrup, tions)*

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Madam, under article 75 of the Constitution, the Cabinet is collectively responsible to Parliament. Today, in the Order Paper you have listed, amongst the Ministers laying papers on the Table, the name of Mrs. Maneka Gandhi. I saw in the morning's papers that she hag declared that she will not undertake any Parliamentary responsibilities in view of the behaviour of the senior Minister in the Ministry. I would like the Prime Minister to clarify, because you can't run a Government this way and we in Parliament have a right to know what is happening in that Ministry.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Short Duration Discussion—Shri Atal Bihari Vajpayee... *(Interruptions)...*

SHRIMATI MARGARET ALVA: Why is this discussion on atrocities on women in Government not being allowed?

डा. रत्नाकर पाण्डेय : (उत्तर प्रदेश में महोदया, प्रधान मंत्री जी ने जो वैल्यु बेस्ट पालिटिक्स की बात की... **(व्यवधान)** एक्शन-बेस्ड पालिटिक्स के तहत उप-प्रधान मंत्री को अपदस्थ किया और उन्होंने बड़े संगीन आरोप लगाये केबिनेट के क ई... **(व्यवधान)** मैं चाहूंगा कि प्रधान मंत्री को जो आरोप लगाये हैं, इनके केबिनेट के सदस्यों पर, उस पर एक सालिड स्टेटमेंट लेकर वह सदन के सामने आयें, क्योंकि यह सारे राष्ट्र का मामला है। अभी एक्शन बेस्ड पालिटिक्स की बात की है, फिर रीएक्शन बेस्ड पालिटिक्स होगा और फिर डिफैक्शन बेस्ड पालिटिक्स होगी।

राष्ट्र खतरे में है। इसलिए प्रधान मंत्री जी इस पर स्टेटमेंट दें कि जो देवीलाल जी ने आरोप लगाया है... **(व्यवधान)** इस पर बहस भी हो सकती

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : माननीय महोदया, यह पार्टी का सवाल है। इस पर सदन में चर्चा का सवाल नहीं उठता। ... **(व्यवधान)**

डा. रत्नाकर पाण्डेय : यह सब वैल्यु बेस्ड पालिटिक्स के तहत चलाया जा रहा है।

डा० अबरार अहमद खान: महोदया, राजस्थान की बाढ़ के लिए मात्र दस लाख रुपये भेजे गये हैं, परंतु प्रधान मंत्री वहां देखने तक नहीं गये। जिस तरह से चौदह हेलीकोप्टर वहां, यहां के जो लोग हैं उनके रिश्तेदारों को लेकर घूमते रहे, लेकिन एक आदमी को भी नहीं बचाया। एक गांव में सुबह चार बजे ही बहुत सारे आदमी पेड़ पर चढ़ गये और दिन के ग्यारह बजे तक आकाश की तरफ देखते रहे ... कि कोई हेलीकोप्टर आए और हमारी जान बचाए लेकिन दिन के 11.00 बजे वह पेड़ गिर गया और उससे 32 लोग मर गए। यह किसी को नहीं बचा सके। आज वहां का आदमी बर्बाद हो गया है, तबाह हो गया है, खाने को दाना नही है, लेकिन सरकार ऐसे ही बैठी है। मैं दो दिन तक इस प्रधान के घर के बाहर रहा लेकिन उन्होंने अब तक वहां

कोई मदद नहीं दी, कोई ध्यान नहीं दिया। वहां के लोग मर रहे हैं, न कोई वहां दौरे पर गया और न गरीब लोगों को मदद दी। मैं आपके माध्यम से इनसे कहना चाहता हूं कि तत्काल राजस्थान को जिस समय अकाल के समय राजीव गांधी ने 840 करोड़ रुपया दिया था एक आदमी भी नहीं मरने दिया था और आज 200 के करीब आदमी मारे गए, लाखों पशु मर गए, जमीन और खेत तबाह हो गए, लेकिन यह सरकार कान बंद किए, आंख बंद किए बैठी है। वह राजस्थान की तरफ ध्यान दे, उनको मदद दे। यह वहां जाए लेकिन यह लोगों की उपेक्षा कर रही है। मैं आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूं और एक और चीज कहना चाहता हूं और वह यह कि एक-एक जान की कीमत मात्र पांच हजार रुपए लगाई गई है यह जो मरे हैं उनको सिर्फ पांच हजार रुपये दिए गए हैं, कहीं बीस हजार देते हैं, कहीं 50 हजार देते हैं, लेकिन वहां एक जान की कीमत मात्र पांच हजार रुपये लगाई गई है। कोई दल वहां नहीं भेजा गया है जो कि हानि का अंदाजा लगाए।

THE **DEPUTY** CHAIRMAN: Please take your seat. *(Interruptions)* Order please.

एक माननीय सदस्य : पूरे हिन्दुस्तान को नर्क बना कर रख दिया। ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : भागलपुर, मेरठ भूल गए क्या? ...**(व्यवधान)** इंदौर भूल गए, हजारीबाग भूल गए। ...**(व्यवधान)**

SHRI DIPEN GHOSH: Madam, a point of order.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Dipen Ghosh is on a point of order.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : महोदया, आगरा में हरिजनों के साथ जो घटना घटी है वह एक शर्मनाक घटना है और उसके बाद आगरा के लोग जो आवाज़ बुलंद करने के लिए आए हैं तो पुलिस लाठियां चला रही है। ...**(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN; Please keep yiet. One minute. (Interrup. *tions)*.

एक माननीय सदस्य : आप लोगों को शर्म आनी चाहिए। ...**(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : मेरठ के अन्दर मेरी बहन को जिंदा जलाया गया था। ...**(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, आगरा की घटना एक शर्मनाक घटना है। ....**(व्यवधान)**

THE DEPUTY CHAIRMAN: Pleas? sit down. Mr. Shiv Shanker, the Deputy Leader asked for discussion on the price rise. I am allowing the discussion on the price rise.

SHRI DIPEN GHOSH: Madam, just now we have decided to take up the discussion on the price rise on the proposal made by the Deputy Leader of the Opposition party.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have already told him.

SHRI JAGESH DESAI: Madam,..

THE DEPUTY CHAIRMAN; Sit down.

SHRI JAGESH DESAI: You allowed him. You are not allowing me.

THE DEPUTY CHAIRMAN; I am not allowing anybody I am allowing only the discussion on the price rise. *(Interruptions)*. I am not allowing anybody. Please sit down. We will discuss the price rise.

एक माननीय सदस्य : एक हरिजन लड़की के साथ बलात्कार हुआ और वह प्रधान मंत्री के समर्थक हैं, उन्होंने बलात्कार किया है। ....**(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : आप लोग जवाब दीजिए।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Salve, please ask him to keep quiet.

उपसभापति : मि० अटल बिहारी वाजपेयी जी, आप बोलिए। ... **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : (व्यवधान) ... उस हुकूमत से क्या उम्मीद की जा सकती है? आज संसद भवन के बाहर हरिजनों पर पुलिस लाठी चार्ज कर रही है... **(व्यवधान)** ...

श्रीमती सरला माहेश्वरी (पश्चिमी बंगाल) : आज हजारों-हजार आंगन-बाड़ी कार्यकर्त्ता संसद के बाहर अखिल भारतीय प्रदर्शन कर रही हैं और इनकी मांगें काफ़ी समय से उपेक्षित पड़ी है। ये महिलाएं जो बच्चों को संभालने का, उन को शिक्षा देने का और उनके स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने का इतना महत्वपूर्ण काम करती हैं, उनके इतने महत्वपूर्ण काम के उपरांत उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मैं आपसे आग्रह करूंगी कि आप इस ओर सरकार का ध्यान दिलाएं।

उपसभापति : अटल जी, आप को महिलाएं डिस्टर्ब कर रही हैं। आप बोलिए।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : खुदा करे कि ये डिस्टर्ब हो जाएं। ... **(व्यवधान)**

SHORT DURATION DISCUSSION ON THE PRICE SITUATION IN THE COUNTRY

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) : महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे देश में मूल्यों की स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा आरंभ करकने का अवसर दिया है।

कोई इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि देश मूल्यों के संकट में फंसा है। मूल्यों का यह संकट दोहरा संकट है। एक ओर हम जीवन मूल्यों के संकट में फंसे हैं और दूसरी ओर जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के कारण संकट में फंसे हैं। मैं यहां जीवन मूल्यों के संकट की चर्चा नहीं करूंगा। वह अलग विषय है। उस पर फिर कभी चर्चा होगी। मेरा उद्देश्य इस समय कीमतों की वृद्धि के कारण जो स्थिति पैदा हुई है, उसकी ओर सदन का ध्यान खींचना है।

इससे कोई इंकार नहीं कर सकता कि वर्तमान सरकार को जो आर्थिक स्थिति उत्तराधिकार में मिली थी, वह बड़ी शोचनीय थी।

श्री सुरेश कालमाडी (महाराष्ट्र) : कितने दिन ऐसे कहोगे? ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं आपकी बात पर आ रहा था ... **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया (बिहार) : इन्हें कांग्रेस से निकाले गए जो नेता मिले थे, वह बड़े घटिया थे। वह सरकार नहीं चला सके।

उपसभापति : आनरेबल मेंबर्स, डिप्टी लीडर आफ़ द अपोजीशन के कहने पर हम लोगों ने यह डिस्कसन लिया है। अगर आप को प्राइस राइज की सिचुएशन गंभीर लगती है तो मैं समझती हूं कि हम इसको एक शांत वातावरण में डिस्कस करें ताकि उसका कुछ मतलब निकले। कृपया किसी को डिस्टर्ब मत करिए।

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : इन्होंने पिछली सरकार का रिफ़रेंस ... **(व्यवधान)** ... ये बताएं कि क्यों प्राइसेस इतनी बढ़ रही हैं?

उपसभापति: आप अगली सरकार का जिक्र करिए, कोई पिछली का करे मगर डिस्टर्ब मत कीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर प्रतिपक्ष के सदस्य मुझे टोकते नहीं तो भूमिका बांधने के बाद मैं वहीं आने वाला था, लेकिन आप ने मौका नहीं दिया। पहले, आप मान लीजिए कि स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन उस कारण पिछले 8-9 महीनों में क्या हुआ है, इसको दृष्टि से ओझल नहीं किया जा सकता है। सरकार को जो स्थिति उत्तराधिकार में मिली, उसको सामने रख कर सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि बढ़ते हुए मूल्यों पर अंकुश लगाया जाएगा। यह केवल हमारा चुनाव का वायदा नहीं था। सरकार जो बनी, उसके वित्त मंत्री ने, प्रधान मंत्री जी ने भी मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखे, संसद-सदस्यों को चिट्ठियां लिखीं। बढ़ते हुए मूल्यों पर चिंता प्रकट की और उनके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, इसकी ओर भी संकेत किया। वित्त मंत्री महोदय ने बजट पेश करते हुए जो भाषण दिया था, उसका एक अंश मैं उद्धृत करना चाहता हूं :-

"The first task of the new Government was to contain the rise in prices. A Cabinet Committee on prices wa6 formed and effective ateps were taken to increase the Supply of essential commodities to remove the inflationary psychology and contain inflation. The Price situation, however, remains a matter for concern and the management of inflation is one of the priority areas of this Government."

महोदया, जो सरकार जनता से विश्वास प्राप्त करके अस्तित्व में आई वह सरकार मूल्यों की स्थिति के बारे में चिंतित थी। उसका यह आश्वासन था कि वह कदम उठाएगी। कुछ कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन कदमों के बावजूद कीमतें बढ़ रही हैं, यह भी एक सत्य है। आंकड़ें, सरकारी आंकड़ें इसकी पुष्टि करते हैं। ये आंकड़ें सरकारी सूत्रों से प्राप्त हैं-

Commodities group, percentage change increase in wholesale price index as of June 23, 1990 over and December, 1989: Pulses 10.7, fruits and vegetables 35.1, cardamom 21.1, other food articles 15.0, oilseeds 22.6, sugar, khand-sari and Sur *i-0.0;* edible oils 17.5, beverages, tobacco, etc. 11.8.

होलसेल, थोक मूल्य बढ़े हैं, वे आंकड़े मेरे पास हैं । लेकिन थोक मूल्य सही स्थिति का दिग्दर्शन नहीं करते, उपभोक्ता को फुटकर मूल्यों से सामान खरीदना पड़ता है । लेकिन, थोक मूल्यों की वृद्धि भी असाधारण वृद्धि है, चिंताजनक वृद्धि है, आम आदमी की कमर तोड़ने वाली महंगाई है । इस महंगाई का कारण क्या है ? निस्संदेह, जो आर्थिक स्थिति उत्तराधिकार में मिली थी, जो मुद्रास्फीति इस सरकार को उत्तराधिकार में मिली है, वह कारण है । लेकिन जो उत्तराधिकार में मिला, वह तो चुनाव के बाद मिल गया . . . **(व्यवधान)** . . .

श्री जगश देसाई (महाराष्ट्र) : वाजपेयी जी, एक मिनट . . **(व्यवधान)** . .

THE DEPUTY CHAIRMAN; Mr. Desai, please don't disturb. Let him speak.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): They have their own speakers.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please don't interject. I would not allow.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं टोका-टोकी के खिलाफ़ नहीं हूं, मगर रोका-रोकी के खिलाफ़ हूं ।

महोदया, मेरा निवेदन है कि जो कदम सरकार ने उठाये हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं, क्योंकि जो स्थिति सरकार को विरासत में मिली है, वह काफ़ी गंभीर थी। इस बार मुझे टोका नहीं गया । धन्यवाद । लेकिन अब यह कहने से काम नहीं चलेगा क्योंकि जो स्थिति मिली है, उसमें से स्थिति को

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

कैसे सुधारा जाय, इसके लिए कदम उठाये जायें ।

मेरा निवेदन है कि जिस तरह की नीतियां बनाई गई हैं और उनमें एक बड़ा कारण है बजट और बजट में लादे गये कर-भार । केन्द्रीय बजट में 1,790 करोड़ रुपए के नए कराधान थे। रेलवे बजट में 470 करोड़ रुपए यात्री-किराए और मालभाड़े की दर से वसूल किये गये । पेट्रोलियम उत्पादों के फुटकर मूल्यों में वृद्धि की गई । हम जो क्रूड-आयल बाहर से मंगाते हैं उसके आयात शुल्क में भी वृद्धि की गई जिससे 854 करोड़ रुपए का सरकार ने धन अर्जित किया । राज्य सरकारों ने टैक्स लगाये हैं। अलग-अलग बिजली बोर्डों ने बिजली की दरों में वृद्धि की है, इनका भी असर हुआ है । यद्यपि उस समय वित्त मंत्रालय की ओर से यह दावा किया गया था कि दाम बढ़ेंगे तो नाम मात्र के लिए बढ़ेंगे। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने तो जीरो, जीरो, जीरो का हिसाब लगा कर कुछ आंकड़े पेश किये थे, लेकिन सरकार यह स्वीकार करेगी कि इसका भी मूल्य वृद्धि पर असर हुआ है ।

यह ठीक है कि सरकार का उत्तर होगा कि घाटा हमें बहुत मिला था और घाटे के कारण मुद्रास्फीति होती है और उस पर काबू करने के लिए और घाटे को कम करने के लिए यह आवश्यक था । लेकिन अगर मूल्य बढ़ाये गए थे, कर बढ़ाये गये थे तो फ़िर दूसरे उपाय अपनाए जाने चाहिए थे जिससे कि जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि न होती । मैं बार-बार जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों का सवाल उठा रहा हूं—आम आदमी के काम में आने वाली चीजें । मेरे पास आंकड़े हैं, मैं आंकड़े देकर अपने भाषण को भारी नहीं बनाना चाहता । दाल के भाव बढ़े हैं । खाने के तेल के दाम में दस रुपए की वृद्धि हुई है एक छोटे से टिन के ऊपर सीमेंट के भाव बढ़े हैं । चाय के दाम बढ़े हैं । इन वस्तुओं के मूल्यों की वृद्धि आम आदमी के बजट को बिगाड़ रही है, पारिवारिक जीवन को अस्त व्यस्त कर रही है । नमक भी महंगा हुआ है । मैं दाल की बात इसलिए कर रहा था कि दाल गरीब का खाना है, उसमें प्रोटीन है और दाल में यह शक्ति है कि अगर बिना बुलाए मेहमान घर में आ जायें तो जल की मात्रा बढ़ा कर मेहमानों का संतोष किया जा सकता है । यह क्षमता और किसी खाद्य पदार्थ में नहीं है ।

प्रधान मंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह) : कभी-कभी उसमें काला भी होता है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दाल में काला होता है, मगर पूरी दाल काली न हो जाय मुझे इसका डर पैदा हो रहा है ।

श्री माखन लाल फोतेदार (उत्तर प्रदेश): नमक भी होता है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : श्री फ़ोतेदार नमक की बात कर रहे थे । नमक का महत्व है, मगर फ़ोतेदार साहब, एक उम्र के बाद नमक थोड़ा कम खाना चाहिए ।

महोदया, आम आदमी के काम में आने वाली चीजें महंगी हो रही हैं । यह ठीक है, जैसा मैंने उल्लेख किया, कि सरकार ने कदम उठाये हैं, प्रधान मंत्री चिंतित हैं, मगर मुख्य मंत्रियों को उन्होंने जो पत्र लिखा उसका नतीजा क्या निकला ? सरकारी खर्च में कमी करने की बात चल रही है, गुंजाइश भी है । कीमतों के बारे में हमें बताया गया था कि कहीं मानिटरिंग हो रहा है, कोई बैठा-बैठा देख रहा है कि दाम कितने बढ़ रहे हैं, कितने चढ़ रहे हैं ।

महोदया, दामों के ऊपर न्यूटन का सिद्धान्त लागू नहीं होता । न्यूटन का सिद्धान्त यह है कि जो ऊपर जाता है वह नीचे आता है, मगर हमारे दामों पर यह सिद्धांत लागू नहीं होता, वह अगर एक बार ऊपर चले गये तो फ़िर ऊपर, ऊपर, ऊपर ही रहते हैं । अब इस मानिटरिंग का नतीजा क्या निकला ?

चीनी के बारे में मैं जानता हूं कि चीनी के बारे में सरकार ने फैसला किया है कि अगर चीनी रिलीज कर दी जाती है फ्री सेल के लिए, वह अगर बेची नहीं जाती है तो उसको लेवी शुगर में बदल दिया जाये । परिणाम क्या हुआ ? सीमेंट के बारे में सरकार ने कदम उठाये थे । सीमेंट निर्माताओं ने कीमतें कम करने का आश्वासन दिया था, मगर मुझे देखकर ताज्जुब हुआ कि दिल्ली के सुपर बाजार में सीमेंट की बोरी मिल रही है 80 रुपए में और बाजार में मिल रही है 91 रुपए में और उपभोक्ता 91 रुपए में खरीद रहे हैं । क्या इसका कारण यह है कि सुपर बाजार के आगे लम्बी लाइन लगती है ? इसके साथ वितरण की समस्या भी जुड़ी हुई है, इसकी ओर भी सदन का ध्यान दिलाना चाहूंगा ।

महोदया, एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री महोदय ने इस बात का आश्वासन दिया था कि सरकार देश के भीतर और देश के बाहर कितना कर्जा ले सकता है, इसके बारे में कोई सीमारेखा निर्धारित करने के बारे में वह विचार करेंगे । वित्त मंत्री महोदय ने आश्वासन दिया था कि वह आर्टिकल 292 को लागू करने के बारे में विचार करेंगे । लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है ।

मुझे बताया गया है कि हमारा देश रोज 120 करोड़ रुपए के कर्जे में डूब रहा है । ये श्री नाना पालकीवाला के आंकड़े है और मैं समझता हूं, सही हैं । इतना कर्जा कैसे बढ़ रहा है ? क्या कर्जे की कोई सीमारेखा नहीं होनी चाहिए ? क्या सरकार को इस मामले में संसद के सामने नहीं आना चाहिए ? धन अगर उत्पादक कामों में खर्च हो तो हमें आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि अनुत्पादक कामों में खर्च हो तो ? इसलिए मैं चाहूंगा कि वित्त मंत्री महोदय इस चर्चा का जवाब देते समय यह बताएं कि पिछले कुछ महीनों में सरकार के अनुत्पादक व्यय को कम करने में कितनी सफलता मिली है, इसके बारे में सदन के सामने आंकड़े रखें, सदन को विश्वास में लें ।

महोदया, हमारे सामने आज एक गहरा आर्थिक संकट है । अब मैं राजनीति से ऊपर उठकर बात करना चाहती हूं । आरोप-प्रत्यारोप चलेंगे मगर विश्व की परिस्थिति जिस तरह से बदली है उसमें हमारे लिए विदेशों से सहायता प्राप्त करना भी कम होने वाला है । जो औद्योगिक देश हैं उनके लिए पूरा यूरोप बाजार के रूप में प्रस्तुत हो गया है । वे हमारे यहां पूंजी लगाने के लिए अधिक आकृष्ट नहीं होंगे जिससे विदेशी बाजार में हमारे माल की प्रतियोगिता बढ़ेगी । इसलिए माल के उत्पादन पर नजर उसकी उत्पादकता पर नजर, गुणवत्ता पर नजर, जिससे कि हम विदेशी मुद्रा कमा सकें और घाटे को कम कर सकें । इसके लिए देश में जो एक आर्थिक अनुशासन की भावना चाहिए, वह अनुशासन की भावना अभी नहीं है ।

मेरे सामने श्री साल्वे बैठे है, वह फाइनेंस कमीशन के अध्यक्ष थे । राज्यों की मांगें बढ़ रही हैं, राज्यों की जिम्मेदारियां भी बढ़ रही हैं । वे नए टैक्स लगाते हैं, मगर लगाने में उन्हें संकोच होता है । यहां एक बात मैं कहना चाहता हूं कि राज्यों के बिजली बोर्ड जिस तरह से काम कर रहे हैं, उसमें परिवर्तन होना चाहिए । मुझे बताया गया है कि बिजली बोर्डों के ऊपर रेलवे का करीब 800 करोड़ रुपया बकाया है । रेलवे कोयला ढोती है, वह बिजली घरों में जाता है, उससे बिजली बनती है, राज्यों के उद्योग, राज्यों की खेती पनपती है मगर रेलवे के 800 करोड़ रुपए बिजली बोर्ड वापस नहीं कर रहे हैं । यह कैसे चलेगा ? बिजली बोर्डों को सुधारना होगा । रेलवे का जो देय है, उस वापस करना होगा । इस तरह की जिम्मेदारियां एक दूसरे को निभानी पड़ेंगी । इसके लिए आवश्यकता है एक आर्थिक अनुशासन की, लेकिन हम देखते

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

राजनीति में इतना डूबे हुए हैं कि कुछ आवश्यक समस्याएं हमारी आंखों से ओझल हो रही हैं।

महोदया, मूल्यों के बारे में मैं एक बुनियादी बात उठाना चाहता हूं। किसान के साथ न्याय हो, किसान को उसकी फसल का लाभप्रद मूल्य मिले, यह सारा सदन चाहता है, यह देश चाहता है। यह किसी एक व्यक्ति की नीति नहीं है, यह हमारी सामूहिक नीति है, मिली-जुली नीति है और इसी बात को ध्यान में रखकर गेहूं और चावल के दाम बढ़े हैं। लेकिन किसान केवल उत्पादक नहीं है, उपभोक्ता भी है। गेहूं और चावल की कीमत थोड़ा बढ़ाकर उसे जो प्राप्त हुआ है, वह अन्य उपभोग वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों के कारण व्यर्थ हो गया है।

अब एक कमीशन है--एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन। पहले खाली प्राइस की बात होती थी, कास्ट का उसमें समावेश नहीं था। नाम बदला गया। कमीशन को यह जिम्मेदारी सौंपी गई और वह अपने दायित्व का पालन कर रहा है। वह ब्यौरे में जाकर देखता है। उसकी रिपोर्ट सदन में आती है, सार्वजनिक बनती है। मैं पूछना चाहता हूं कि वह जो बड़े-बड़े उद्योगपति रोजमर्रा के काम आने वाली चीजें तैयार कर रहे हैं इनकी लागत, इनकी कीमत, इन पर कमाया जाने वाला मुनाफा क्या इसका कोई हिसाब है? उस दिन खुले मंच पर वित्त मंत्री महोदय कह रहे थे और मैं तो सुनकर चकित रह गया, अवाक रह गया। वह कह रहे थे कि औद्योगिक वस्तुओं के दामों पर हम ठीक तरह से विचार करते हैं और औद्योगिक वस्तुओं के दाम बहुत सोच समझकर निर्धारित किये जाते हैं। मुझे इसका कोई प्रमाण नहीं मिला।

मैं काफी समय से यह सवाल उठा रहा हूं कि बाजार में जो स्कूटर 12 हजार, 13 हजार रुपये में बिकता है उसका लागत मूल्य क्या है? जो कम्पनियां हैं... **(व्यवधान)**

श्री विट्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : नोट मोर दन 4 थाऊजेंड।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : नहीं 4 थाऊजेंड नहीं। जाधव साहब, आपने हिसाब नहीं लगाया है। उसका मूल्य 20 परसेंट लाभ जोड़कर 7 हजार से ज्यादा नहीं होना चाहिये। हमने इस पर काम किया है। अगर कोई कहे कि आपके आंकड़े ठीक नहीं हैं और हम आपके सामने बैलेंस शीट रखने को तैयार हैं तो उसे देखा जा सकता है। मगर उद्योगपति बैलेंस शीट रखने को तयार नहीं और सरकार उन्हें विवश करने को तयार नहीं है कि बैलेंस शीट रखे। यही पुरानी सरकार कर रही थी। यही नयी सरकार कर रही है। कभी-कभी मुझे लगता है कि सरकारें सब एक सी चलती हैं... **(व्यवधान)**

एक सम्मानित सदस्य : आपके मुंह में घी शक्कर।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुझे फिर भी भरोसा नहीं है... **(व्यवधान)**

एक सम्मानित सदस्य : यह तो आप ही चला रहे हैं... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब यह देखिये आपने फिर टोकना शुरु कर दिया। महोदया, मैं कह रहा था कि कुछ मामलों में सरकारों का चाल-चलन एक सा होता है।

श्री सत्य पाल मित्तल (नामनिर्देशित) : नहीं साहब सुनिये,

"खूब पर्दा है कि चिलमन से लगे बैठे हैं,
साफ़ छुपते भी नहीं सामने आते भी नहीं।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : वल्लाह-वल्लाह-वल्लाह, इरशाद-इरशाद एक और हो जाये।

एक सम्मानित सदस्य : टोका-टाकी तो आप बर्दाश्त करते हैं परन्तु लीपापोती ... **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब अगर कोई गंदा कर गया है तो लीपापोती तो करनी पड़ेगी ।

